अमर उजाला 25/10/2024

शिक्षा से ही संस्कार, संस्कृति का विकास : रोहित

अंबाला। आर्य गर्ल्स कॉलेज ने संयुक्त राष्ट्र पर एक राज्य स्तरीय क्विज का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक कॉलेज से तीन छात्रों की टीम को आमंत्रित किया गया। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज से तीन विद्यार्थियों की टीम ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही संस्कार, सभ्यता और संस्कृति का विकास होता है। व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है। डॉ तृप्ति शर्मा जिन्होंने छात्रों को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। उन्होंने बताया कि छात्रों को सभी प्रतियोगिता में भाग लेते रहना चाहिए। संवाद